आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक
E-Mail-parihargarjana@gmail.com
# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 78 | छतरपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## ग्राम देवकुलिया में दिल दहला देने वाली घटना घटित

### 9 साल की ब ी को अधेड़ ने कुएं में फेंककर मौत के घाट उतारा, आरोपी गिरफ्तार





छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम देवकुलिया में नवरात्रि की अष्टमी की शाम माता के मंदिर जा रही एक 9 साल की नाबालिग बच्ची को गांव के अधेड़ व्यक्ति ने कुएं में फेंक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम देवकुलिया में 9 साल की नाबालिग बच्ची अपने भाई के साथ माता के मंदिर दिया रखने जा रही थी तभी गांव के ही अधेड़ उम्र के गोवर्धन पटेल ने नाबालिग बच्ची को कुएं में फेंक दिया और फिर पास पड़े पत्थर उसके ऊपर फेंके जिससे बच्ची की कुएं में ही मौत हो गई। बच्ची के साथ मौजूद उसके भाई ने यह जानकारी परिजनों को दी। परिजनों और ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकाला और पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया। बच्ची के सिर व हाथ पैर पर चोट के निशान हैं।

***ऐसे दिया आरोपी ने घटना को अंजाम***

विगत दिवस सायंकाल के समय थाना राजनगर क्षेत्र के देवकुलिया गांव में एक बालिका को एक व्यक्ति द्वारा कुएं में फेंकने सूचना प्राप्त हुई। थाना राज नगर पुलिस टीम पृथक पृथक स्थान पर आरोपी की तलाश हेतु रवाना हुई, करीब 1 घंटे के अंदर बालिका की हत्या करने वाले आरोपी गोवर्धन पटेल पिता नंदराम पटेल निवासी देवकुलिया थाना राज नगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा बालिका के पैर पकड़कर कुएं में फेंकना व हत्या की घटना करना, मृत बालिका और उसके भाई के ऊपर ईंट से वार करना स्वीकार किया गया। आरोपी के पास से मृत बालिका के पैर की पायल जप्त की गई। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर उप निरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा, उप निरीक्षक मनभरण, उप निरीक्षक के एल दहिया, सहायक उप निरीक्षक स्वामी प्रसाद, राम रतन गोस्वामी, प्रधान आरक्षक सूर्य प्रकाश, हेमराज, रामेश्वर आरक्षक संजय, शिवम, प्रभात, शत्रुघ्न, अंकित, संतोष, आसिफ, अल्केश, राजाराम, धीरेंद्र, नारायण एवं प्रशांत की भूमिका रही।

## कलेक्टर ने छात्रावास की बच्चियों को कराया कन्या भोज

### जिलेवासियों को नवरात्रि की दी शुभकामनाएं

छतरपुर। छतरपुर जिले में नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर कन्या भोज एवं भण्डारों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही भक्ति भाव से श्रद्धालुओं द्वारा देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर आराधना की जा रही है। तदुपरांत देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। शुक्रवार को नवमी के दिन कलेक्टर बंगले पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने सपत्नीक कन्या पूजन कर जनजातीय कार्य विभाग के जूनियर कन्या छात्रावास एवं आश्रम की बच्चियों को कन्या भोज कराया और उपहार भेंट किए। इस अवसर पर बच्चियों में काफी उत्साह दिखा। कलेक्टर ने जिले वासियों को नवरात्रि एवं दशहरे पर्व की शुभकामनाएं देते हुए जिले की उन्नति और विकास की कामना व्यक्त की। इस दौरान डीईओ जनजातीय कार्य विभाग की प्रियंका राय सहित छात्रावास की अधीक्षक मौजूद रहीं।



## भक्त ने देवी माँ को चढानें के लिए काटी गर्दन

### जिला अस्पताल में चल रहा ईलाज, हालत खराब

ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम केवटपुरवा में स्थित बीजाशन देवी मंदिर में एक भक्त द्वारा अपनी गर्दन काटकर मंदिर में चढानें का प्रयास किया गया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी तथा जिला अस्पताल में ईलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार केवलपुरवा निवासी राजकुमार यादव जो देवीमाता का अनन्य भक्त है, वह लगातार नवरात्रि के समय प्रतिवर्ष व्रत एवं उपवास रखता है तथा देवी माता का बड़ा भक्त है उसके द्वारा मंदिर परिषर मे ही सहिया से ही अपनी गर्दन काटकर चढाने का प्रयास किया गया। इस दौरान बुरी तरह रक्तरंजित अवस्था में मंदिर मे ही गिर पड़ा जिसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस को दी गई। धरमपुर थाना पुलिस मोके पर पंहुची तथा रक्त रंजिश अवस्था मे पड़े राजकुमार यादव को स्वास्थ केन्द्र अजयगढ़ भेजा गया तथा हालात खराब होने के चलते जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया। जहां पर फिलहाल राजकुमार का ईलाज चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त मंदिर में पूर्व में भी कुछ लोगो द्वारा जीभ चढानें का प्रयास भी किया गया था।



## एसपी ने 9 फरार आरोपियों पर 52 हजार का इनाम घोषित किया

छतरपुर! पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने छतरपुर जिले के अंतर्गत 9 फरार आरोपियों पर 52 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। आरोपी रविंद्र सिंह उम्र 25 निवासी ग्राम देरी थाना ओरछा रोड पर 2 हजार, आरोपी अरविंद अहिरवार निवासी ग्राम पठापुर थाना ओरछा रोड पर 3 हजार, आरोपी भज्जू उर्फ रामस्वरूप यादव निवासी मझौरा थाना बाजना पर 2 हजार, आरोपी खेमचंद्र पटेल निवासी नहदौरा थाना राजनगर पर 10 हजार, आरोपी सत्येंद्र उर्फ सचिन अहिरवार निवासी सेंधपा थाना गुलगंज पर 5 हजार, आरोपी सुनील अहिरवार निवासी ग्राम पिपरा थाना गुलगंज पर 5 हजार, आरोपी नन्दूराम पटेल निवासी राजापुरवा थाना लवकुशनगर पर 10 हजार, आरोपी गोलू राजा उर्फ़ रंजीत सिंह उम्र करीब 25 साल निवासी ग्राम बमारी थाना ईशानगर पर 10 हजार सहित आरोपी रामचंद्र मिश्रा निवासी ग्राम बिकोरा थाना महाराजपुर की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उक्त आरोपी उल्लेखित थानांतर्गत क्षेत्र में अपराध करने के बाद से फरार है।


## विजयादशमीं की शुभकमनायें

बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पर्व दशहरा पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, ईष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों को दैनिक परिहार गर्जना परिवार द्वारा हार्दिक बधाई देते हुये अपेक्षा की है कि वे आपसी मनमुटाव, बुराई को समाप्त कर भाईचारा एवं आपसी सदभाव का संकल्प लें। यह त्यौहार हमें प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देता है। ***रामबाबू सिंह परिहार,***




## अवकाश सूचना

विजयादशमीं के पावन पर्व पर दैनिक परिहार गर्जना कार्यालय दिनांक 12 अक्टूबर को बंद रहेगा। अत: 13 अक्टूबर का अंक प्रकाशित नहीं होगा। कृपया पाठकगण सूचित हो।

**व्यवस्थापक**

# पुलिस ने निकाला पैदल मार्च





खजुराहो। छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन निर्देशन अनुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी सलिल शर्मा निर्देशन में खजुराहो थाना प्रभारी अतुल दीक्षित द्वारा खजुराहो में भ्रमण कर सभी से अपील की है आगामी पर्व नवरात्रि विसर्जन शांतिपूर्वक करें एवं दशहरा का कार्यक्रम को भी दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी अतुल दीक्षित एवं पुलिस बल के साथ खजुराहो हर मोहल्ले में जाकर पंडाल में जाकर गांधी चौराहा बस्ती चौराहा होते हुए मार्केट में होते हुए खजुराहो थाना में समापन किया गया शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों से अवगत कराया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी जगहों पर समझाएं दी गई शांति पूर्वक विसर्जन करें भड़काऊ गाने इत्यादि पर भी समझाइं दी गई।

# दुकान में गाली गलौज और धमकी का शिकायती पत्र थाना प्रभारी को दिया

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार छतरपुर जिले के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरिहार के पास स्थित एक चाय की दुकान पर एक व्यक्ति द्वारा गाली गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। दुकान के मालिक चंद्रभान प्रजापति ने गौरिहार थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन पत्र देते हुए वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित दुकानदार चंद्रभान प्रजापति ने बताया कि गौरिहार निवासी ब्रजकिशोर पाठक नामक व्यक्ति उनकी दुकान में आये दिन आकर जाती सूचक गलियां देता है और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गालियां दिया करता है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि ब्रजकिशोर पाठक दुकान हटवाने की धमकी देता है और ग्राहकों को भी परेशान करता है।

पीड़ित ने बताया कि मेरी गोमतीनुमा चाय नास्ता की दुकान गौरिहार अस्पताल के पास में हैं। जहाँ पर मरीजों व गर्भवती महिलाओं के साथ उनकी परिजन महिलाएं भी आती हैं, जो जरुरी सामान लेने के लिए मेरी दुकान में आती हैं। लेकिन ब्रजकिशोर पाठक द्वारा अनावश्यक गाली गलौच व अभद्रता करने से मेरे दुकान की ग्राहकी भी प्रभावित होती है। पीड़ित ने बताया कि यह मामला बीते कई दिनों से चल रहा है, जिसके चलते मुझे अपनी दुकान की सुरक्षा को लेकर चिंता लगी हुई हैं। पीड़ित ने गौरिहार पुलिस से इस मामले में जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने व स्वयं को न्याय दिलाने की मांग की है।

# करीं -करीं गांव में बड़ी धूमधाम के साथ किए गए जवारे विसर्जन



परिहार गर्जना न्यूज। करीं -करीं गांव में बड़ी धूमधाम के साथ किए गए जवारा विसर्जन जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु देखने को मिले नवरात्रों में नो दिन जावरो की पूजा अर्चना करके नौवे दिन जवारो को विसर्जित किया गया जवारो की शोभायात्रा गांव के सभी मंदिरों से होकर गुजरी महिला एवं पुरुषों ने माता रानी के भजन गाकर मां को प्रसन्न किया।

# बड़ामलहरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बमनौरा कलां में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। बड़ामलहरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बमनौरा कलां के मैन बाजार में इस वर्ष नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन अत्यंत भव्य और शानदार रूप में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने भाग लिया।

नवरात्रि, देवी दुर्गा की आराधना का प्रमुख पर्व है, जिसे पूरे देश में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत बमनौरा कलां में भी इस गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में भक्ति और संस्कृति को बढ़ावा देना था। गरबा के माध्यम से माता रानी की आराधना की गई और लोगों ने अपनी आस्था को प्रकट किया।

गरबा महोत्सव के दौरान मैन बाजार के प्रमुख स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और सजावट से सुसज्जित किया गया था, जो इस धार्मिक उत्सव को और अधिक आकर्षक बना रहा था। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विभिन्न आयु वर्ग के लोग पारंपरिक परिधानों में सजकर गरबा में भाग ले रहे थे, जिससे पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

***बड़ी संख्या में रही श्रद्धालुओं की सहभागिता***

गरबा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर देवी दुर्गा की आराधना की और गरबा नृत्य के माध्यम से अपनी भक्ति प्रकट की। श्रद्धालु माता के भजन और गरबा गीतों पर झूमते हुए देखे गए, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। आयोजन समिति ने इस गरबा महोत्सव को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय प्रशासन और पंचायत के सहयोग से यह आयोजन पूर्णतः सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुआ।

गरबा महोत्सव का समापन माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन समिति और ग्राम पंचायत ने इस महोत्सव की सफलता के लिए सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के प्रति समर्थन की अपील की। इस प्रकार, नवरात्रि के इस पावन अवसर पर बमनौरा कलां के मैन बाजार में आयोजित गरबा महोत्सव ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि समाज के बीच आपसी सौहार्द और संस्कृति को भी बढ़ावा दिया। कार्यक्रम में साक्षी, रोहणी, प्रिती प्रज्ञा, प्रिया,नैंशी, प्रेंसी ,अंजली, राखी,गुनगुन,निशा, नीतू, भागवती अनुप्रिया , आंशी आस्था डोली की अहम भूमिका रही।

# खजुराहो सेवाग्राम में 5 वर्षों से निरंतर प्रति वर्ष विराजमान होती है मां दुर्गा



**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। श्री खाटू श्याम जी नवदुर्गा समिति मोहल्ला वार्ड नंबर 12 सेवाग्राम खजुराहो में शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दीन शारदे नवरात्रि में देवी की प्रतिमा पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीतों पर डांस किया गया जिसमें 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें बच्चों को सम्मानित भी किया गया शील्ड देकर जिसमें पहला नवंबर याशिका अग्रवाल को दिया गया और दूसरा चेतना सिंह को दिया गया है तीसरा राधिका सेन दिया गया और विभिन्न बच्चों को भी सम्मानित किया गया है श्री खाटू श्याम जी नवदुर्गा उत्सव समिति के संरक्षक राजकुमार गंगेले, प्रियंक त्रिपाठी ,कपिल खरे ,अथर्व गंगेले, प्रिन्स त्रिपाठी,हरमन सिंह दीपक सुल्लेरे,प्रशांत ,गणेश , कृष्ण इत्यादि उपस्थित रहें भक्तों द्वारा शारदीय नवरात्रि महादेवी की प्रतिमा विराजमान कर भक्त उनकी पूजा अर्चना करते हैं तो वहीं श्री खाटू श्याम जी नवदुर्गा समिति मोहल्ला वार्ड नंबर 12 सेवाग्राम खजुराहो विराजमान मां की एक दिव्य और भव्य झांकी संजोई जाती है माना जाता है कि लगभग 5 वर्षों से मां यहां विराजमान होती हैं अथर्व गंगेले बताते हैं कि लगातार 5 वर्षों से हम लोग मां को विराजमान कर रहे हैं और मां हम सभी की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं रात्रि में यहां पारंपरिक बुंदेली शैली पर ढोल नगाड़े के साथ मां जगदंबा गीतों से मां की दिव्य और भव्य आरती की जाती है जिसमें आसपास के समस्त सेवाग्राम मोहल्ले के भक्तगण मां की झांकी देखने और आरती का धर्म लाभ लेने उपस्थित होते हैं माना जाता है कि नव रात्रि में यह देवी लोगों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आकर्षक आतिशबाजी के साथ किया जायेगा 51 फुट रावण के पुतले का दहन



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व के अवसर पर 12 अक्टूबर शनिवार को सायं 6 बजे से राधे-राधे संकीर्तन एवं सायं 7 बजे रावण दहन का कार्यक्रम पी.टी.सी.ग्राउण्ड पर किया जायेगा।

कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में एवं सांसद श्रीमती लता वानखेडे, विधायक शैलेंद्र जैन , महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार के विशिष्ट आतिथ्य में समस्त जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पी.टी.सी.ग्राउण्ड पर 51 फुट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा । कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम राधे-राधे संकीर्तन सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा तत्पश्चात् सायं 7 बजे रावण दहन का कार्यक्रम भव्य मनमोहक आतिशबाजी के साथ किया जायेगा।

***<u>रावण दहन कार्यक्रम एवं श्री दुर्गा विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं के संबंध में निगमायुक्त ने बैठक ली</u>***

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने रावण दहन कार्यक्रम एवं श्री दुर्गा विसर्जन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक लेकर कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई एवं चूना आदि की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, मंच व्यवस्था, आतिशबाजी, फूलमाला, पेजयल व्यवस्था, फायर लारी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था हेतु बेरिकेट एवं पार्किग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। निगमायुक्त ने श्री दुर्गा विसर्जन स्थल लेहदरा नाका पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें जिनमें प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, नाव , तैराक, बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था सहित अन्य कार्यो को पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थल पर कार्यक्रम को जीरो बेस्ट बनाने के लिये रेमकी के 5 वाहन कचरा एकत्रित करने के लिये लगाये जाये। प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व सभी फूलमालायें एकत्रित करने के लिये टीम बनाये, विसर्जन स्थल पर अच्छी तरह से साफ-सफाई की जाये। जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यिूटी लगायी गई है वे अपने कर्त्तव्य पर समय से पूर्व उपस्थित रहे।

# कट्टा अडाकर पैसे मांगने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

## 315 बोर का एक देसी कट्टा बरामद

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/थाना बीना के अप. क्र. 604/24 धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) BNS घटना दिनांक - 10/10/24 के 20 - 15 बजे नाम फरियादी - राकेश पिता प्रेम शंकर पांडे निवासी विट्ठल धाम बीना आरोपी - दीपक चौहान नि. बीना एवं दो उसके साथी विवरण - फरियादी ने थाना बीना में रिपोर्ट किया कि - मै विठ्ठल घाम के सामने देहरी रोड बीना मे रहता हूं। ठेकेदारी का काम करता हूं।




दिनांक 10.10.24 के रात करीब 08.15 बजे की बात है मै घर के बाहर खड़ा था तभी दीपक चौहान जो सर्वोदय चौराहा के पास रहता है, जिसे मै पूर्व से जानता हूं, अपने दो साथियो के साथ आया और अपनी कमर से कट्टा निकाल कर मुझे दिखाते हुए बोला मां बहन की गली देने लगा एवं दारू पीने के लिये 1000 रूपये दो, तो मैने पैसे देने से मना किया, तो इसी बात पर से दीपक चौहान ने मुझे गाल मे दो चांटा मार दिये व उसके दोनो साथी मुझे लात घूंसो से मारपीट करने लगे। मौके पर लोकेन्द्र लिटोरिया एवं गोलू ठाकुर आ गए जिन्होने बीच बचाव किया घटना देखी सुनी है तो दीपक व उसके दोनो साथी वहां से भाग गये और जाते जाते धमकी देते गये कि थाना रिपोर्ट करने गया तो जान से खत्म कर देंगे। मारपीट से मुझे बांये गाल, पीठ मे मूंदी चोट आई डर भय के कारण उस समय थाना रिपोर्ट को नही आया था। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आज पुलिस ने आरोपी दीपक पिता किशन सिंह चौहान उम्र 27 वर्ष नि. बीना को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने घटना स्वीकार किया और अपने साथ शैलेंद्र बर्मन , दुर्गेश राजपूत साथ होना एवं पार्टी करने के लिए कट्टा अडाकर रूपयों की अवैध मांग करना बताया आरोपी दीपक के कब्जे से एक 315 बोर का देसी कट्टा जप्त किया गया एवं साथी आरोपी - शैलेश एवं दुर्गेश को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार आरोपी दीपक पिता किशन सिंह चौहान उम्र 27 वर्ष नि. मंडी के सामने कुरवाई, 2. शैलेश पिता रवि किशन बर्मन उम्र 29 वर्ष निवासी संजीवनी नगर जबलपुर, 3- दुर्गेश पिता विनय राजपूत उम्र 30 वर्ष नि. ग्रीन सिटी जबलपुर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया पुलिस टीम - थाना प्रभारी अनूप यादव, स्ढ्ढ कविता द्विवेदी, स्ढ्ढ लखन राज, ।ह्यढ्ढ गोतम, ।ह्यढ्ढ देवेन्द्र, आरक्षक संदीप यादव, दलजीत जाट, दीप सिंह भदोरिया, जितेंद्र चंद्रवंशी, गजेंद्र जाटव, जितेंद्र धाकड़, वीरेंद्र धाकड, प्रेमजीत, अमनदीप, देवेंद्र यादव एवं धर्मेंद्र का योगदान रहा।

# पुलिस ने पुलिस के खिलाफ लगाये नारे पुलिस प्रशासन हाय हाय पुलिस की तानाशाही नहीं चलेगी

## -पुलिस की गोली से एक उपद्रवी की हुई मृत्यु, बीना में बलवाइयों को पुलिस ने खदेड़ा

## -आगामी त्योहारों को देखते हुए बीना पुलिस ने किया बलवा और मॉक ड्रिल का आयोजन

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ बीना के हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड पर उस वक्त अजीब और गरीब स्थिति देखने को मिली और लोग देखकर हक-बक रह गए पुलिस के जवान सिविल ड्रेस में पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे पुलिस प्रशासन हाय हाय पुलिस की तानाशाही नहीं चलेगी हाथ में पत्थर लेकर पुलिस वालों पर जोरदार हमला कर रहे थे जिस पर सर्वप्रथम पुलिस की ओर से समझाएं की गई नहीं मानने पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया पुलिस पर पत्थरों से हमला किया गया। गौरतलब है किआगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था की तैयारियों के सिलसिले में बीना पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ग्राउंड में बलवा और मॉकड्रिल की। एसडीओपी नितेश पटेल की मौजदूगी में अनुविभाग के थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मी इसमें शामिल हुए। जिसमें पुलिसकर्मी ही बलवाई बने और पुलिसकर्मी ही नियंत्रण करते हुए नजर आए।





प्रदर्शन के दौरान हर उस गतिविधि को पेश किया गया जो हालात खराब होने पर पुलिस के सामने आते हैं। साथ ही बलवा प्रदर्शन करने वाली टीम ने अपनी मांगों को लेकर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। साथ ही पुलिस ने शहर के प्रमुख मार्गों से मार्च पास्ट भी निकाला।

***<u>त्योहारों को लेकर पुलिस ने की मॉकड्रिल</u>***

शुक्रवार को पुलिस टीम और उपद्रवियों का आमना-सामना हो गया। भीड़ में आए उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें दो से तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों को काबू करने के लिए पुलिस की टीम ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े, तब कहीं जाकर स्थिति नियंत्रित हुई। यह नजारा जिसने भी देखा वह दंग रह गया। यह कोई घटना असल में नहीं हुई बल्कि पुलिस विभाग के अधिकारियों के निर्देश में बीना के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के ग्राउंड में मॉक ड्रिल में नाटकीय घटनाक्रम था।

***<u>पुलिस ने अनाउंस कर दी चेतावनी दी</u>***

उपद्रवियों के लगातार प्रदर्शन के बाद एसडीओपी नितेश पटेल बल के साथ उपद्रवियों को समझाने के लिए पहुंचे लेकिन प्रदर्शन कारी भड़क गए और पत्थर बाजी करने लगे और आगजनी भी की। प्रदर्शनकारी को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड्स भी तोड़ दिए गए। आखिरकार पुलिस ने एलाउंस कर उपद्रवियों को चेतावनी दी कि भीड़ न लगाएं, प्रदर्शन करना गैरकानूनी है, तीतर- बितर नहीं हुए तो फायरिंग होगी। इसके बाद प्रदर्शन जारी रहने पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

***<u>पुलिस ने मार्च पास्ट निकाला</u>***

बलवा और मॉकड्रिल के बाद बीना अनुविभाग के सभी थाना प्रभारियों ने एक साथ शहर में मार्च पास्ट निकाला। मार्च पास्ट शहर के गांधी तिराहा से शुरू हुआ जो कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाने में मार्च पास्ट का समापन हुआ। बलवा, मॉक ड्रिल में एसडीओपी नितेश पटेल, बीना थाना प्रभारी अनूप यादव, खिमलासा थाना प्रभारी नितिन पाल, भानगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र भदोरिया, आगासौद थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल शामिल हुए थे।

***<u>विसर्जन और दशहरा को लेकर तैयारी की गई</u>***

बीना एसडीओपी नितेश पटेल ने बताया कि आगामी त्योहार प्रतिमाओं का विसर्जन, दशहरा पर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की टीम ने बलवा ड्रिल की तैयारी की है। साथ ही मार्च पास्ट भी निकाला गया है।

# पंडालों में गूंजे मैया के जयकारे, देवी दर्शनों के लिए लगा तांता, निकले जवारे

## दहशरा पर निकलेगा चल समारोह, देवी पंडालों में हुआ हवन-पूजर

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पंडालों में देर रात तक श्रद्धालुओं ने आज नवमीं पर हवन-पूजन कर अपना नौ दिन का व्रत पूरा किया। पंडालों में देवी भक्तों ने माता की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। नवदुर्गा महोत्सव का धूमधाम से समापन किया गया। बताया गया है कि दशहरा पर नवदुर्गा कमेटियों द्वारा चल समारोह निकाला जाएगा। इसके पश्चात महेन्द्र सागर तालाब पर बनें विसर्जन कुंड पर जाकर श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिमाएं विसर्जित की जाएंगी। बताया गया है कि नगर के कटरा बाजार, पुरानी टेहरी, तालदरवाजा, बानपुर दरवाजा, नूतन बिहार कालोनी, राजमहल, सिविल लाइन रोड, स्टेट बैंक चौराहा, लुकमान चौराहा सहित अधिकांश मुहल्लों में देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई। आज नवदुर्गा महोत्सव के नौंवें दिन विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां दीं। माता के जयकारों से पंडाल गूंज उठे। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। वहीं नगर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। शुक्रवार को नगर सहित जगह-जगह भक्तों ने जवारे निकाले। हजारों की संख्या में लोग बगाजमाता पहुंचे, जिन्होंने मैया के दर्शनों के साथ ही माता के जवारे रखे।

***रावण पुतला दहन आज-***

आज शनिवार को स्थानीय नजरबाग मैदान में रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद का पुतला दहन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए रोशनी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नजरबाग मैदान को दशहरा मैदान के रूप में तब्दील कर दिया गया है। आयोजन के दौरान आने वाली भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के इंतजाम किए गए हैं। बताया गया है



कि यहां पपौरा चौराहा के पास चल रही रामलीला के कलाकारों द्वारा यहां आकर रावण का पुतला दहन किया जाएगा।

***देवी मंदिरों पर लगा मेला-***

नगर में नवरात्रि पर दुर्गा पंडालों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम जहां आयोजित किए गए, वहीं देवी मंदिरों पर विशाल मेले लगे रहे। जिले की बगाज माता, विंध्यवासनी बल्देवगढ़, कालका माता देरी, हिंगलाज माता मंदिर, नगर की छोटी देवी मंदिर पर विशाल मेला लगा रहा। हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर देवी दर्शन किए और मेला में जमकर खरीददारी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रोहित काशबानी ने देवी मंदिरों पर पहुंची महिलाओं एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

***नौ दिन किया जलाभिषेक-***

नवरात्र के चलते पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना रहा। नौ दिन तक यहां हजारों की संख्या में महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ उपवास रखकर माता का जलाभिषेक किया। सुबह से प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं पुरानी टेहरी स्थित बड़ी देवी मंदिर, पपौरा चौराहा स्थित छोटी देवी मंदिर पर माता को प्रसन्न करने के लिए जल चढ़ाने पहुंचीं।

***महिलाओं ने किए भजन-कीर्तन***

ललितपुर मार्ग पर पुरानी टेहरी में विराजी देवी प्रतिमा के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। यहां मोहल्ले की महिलाओं ने माता रानी के भजन गाकर देर रात तक जागरण किया। युवाओं द्वारा माता के भजनों पर नृत्य किया गया। यहां कमेटी द्वारा बीते रोज 56 भोग का प्रसाद लगाया गया। बताया गया है कि मुहल्लावासी अपने-अपने घरों से 56 प्रकार का प्रसाद बनाकर लाए और माता रानी को अर्पित किया गया। आज सुबह से नगर की बड़ी देवी मंदिर, छोटी देवी मंदिर, राजराजेश्वरी मंदिर हवेली, सिद्धेश्वरी माता मंदिर महेन्द्र सागर तालाब सहित अन्य देवी मंदिरों में महिलाओं एवं बच्चियों ने पहुंचकर अष्टमी एवं नवमीं पर माता का पूजन किया।

# जिला उपभोक्ता प्रतितोषण आयोग ने अरिहंत सोनाग्राफी सेंटर संचालक और डां सुधाशुं जैन पर लगाया कुल 55 हजार का जुर्माना




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग टीकमगढ़ के अध्यक्ष सनत कुमार कश्यप एवं सदस्य डां संजीव सिंह ने वीरेन्द्र सूत्रकार द्वारा दायर परिवाद की सुनवाई करते हुए अपने एक फैसले में संचालक अरिहंत सोनोग्राफी एवं सीटी स्कीन सेंटर, न्यू सिविल लाईन डॉ जौहरी की गली टीकमगढ़ एवं डॉ सुभांशु जैन पुत्र डॉ सुनील भदौरा निवासी जवाहर चौक टीकमगढ़ तहसील व जिला टीकमगढ़ पर जुर्माना किया है। यह मामला यहां दिनांक 26 मार्च 2024 से विचाराधीन था। बताया गया है कि वीरेन्द्र सूत्रकार तनय स्वर्गीय नारायणदास सूत्रकार आयु लगभग 38 वर्ष, निवासी मऊ रोड खादी आश्रम के पास टीकमगढ़ ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग टीकमगढ़ में परिवाद प्रस्तुत किया था। बताया गया है कि अरिहंत सोनोग्राफी सेंटर तथा सुधांशु जैन डॉक्टर मानसिक संताप के लिए 25000 तथा सेवा के कमी के मध्य में 25000 बाद में 5000 इस प्रकार कुल 55000 परिवादी को 30 दिवस के अंदर प्रदान करने का आदेश किया गया है। बताया गया है कि संचालक, अरिहंत सोनोग्राफी एवं सीटी स्कीन सेंटर, न्यू सिविल लाईन डॉ. जौहरी की गली टीकमगढ़, तहसील व जिला.टीकमगढ़ , डॉ सुभांशु जैन पुत्र डॉ सुनील भदौरा निवासी जवाहर चौक टीकमगढ़, तहसील व जिला टीकमगढ़ के साथ ही संचालक, परख एक्सरे एवं अल्ट्रा साउण्ड, पुराना बस स्टैण्ड, कम्पू लश्कर ग्वालियर, गुलाब सीटी त्वचा एवं परम एमआर, रावनी रोड ग्वालियर के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया गया था। अनावेदक क्रमांक 01 एवं 2 के द्वारा इस आयोग के समक्ष ऐसा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गयी है, जिससे यह दर्शित हो कि अनावेदक ने एमडी रेडियोलॉजी या सोनोग्राफी करने का कोई विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनके द्वारा इस आशय की कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गयी है कि उन्होंने जिस अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन से परिवादी के पुत्र का अल्ट्रा साउण्ड किया था, वह कौन सी मशीन थी। कब का मॉडल था और उसकी विश्वसनीयता कितनी थी, ऐसी स्थिति में यह तथ्य प्रमाणित है कि अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 के द्वारा परिवादी के पुत्र अथर्व सूत्रकार की सोनोग्राफी रिपोर्ट दिनांक 16 मार्च 2023 असत्य थी। ऐसी स्थिति में यह तथ्य प्रमाणित है कि अनावेदक क्रमांक 01 एवं 02 ने परिवादी के प्रति सेवा में कमी की है। तद्नुसार अवधारणीय प्रश्न क्रमांक 02 का निष्कर्ष हां में दिया जाता है। इस मामले में क्रमांक 1 अनावेदक पर पच्चीस हजार रुपये एवं क्रमांक 2 अनावेदक पर कुल 55 हजार रूपए का जुर्माना किया गया है।

# शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित

टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऋतुा चौहान विभाग के मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत टीकमगढ़ के सभाकक्ष में शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती विभा श्रीवास्तव के मुख्य आथित्य में सरस्वती पूजन से किया गया। सरस्वती पूजन के कन्या पूजन किया गया। कन्या पूजन में कन्याओं के पैर धोकर उनको तिलक लगाया गया तथा पुरूष्कार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महिला स्वास्थ्य समिति जनपद पंचायत टीकमगढ़, श्रीमती फिरदौस बानो, डॉ. श्रीमती अंकुर साहू, श्रीमती शबाना खान, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती इन्द्रा सोनी, श्रीमती नोडल अधिकारी श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी, ग्रामीण एवं शहरी परियोजना की समस्त पर्यवेक्षक एवं जिला कार्यालय का समस्त लिपिकीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शक्ति संवाद की थीम महिला सुरक्षा, महिला शिक्षा एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से परिचर्चा की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती विभा श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिला शिक्षा, महिला स्वास्थ्य एवं महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। महिला स्वास्थ्य के संबंध में डॉ. अंकुर साहू, महिला शिक्षा के संबंध में श्रीमती शबाना खान, महिला सुरक्षा कानून के संबंध में सदस्य जेजेबी बोर्ड श्रीमती इन्द्रा सोनी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कु. खुशी यादव बालिका द्वारा महिला शिक्षा, महिला स्वास्थ्य, महिला कानून के संबंध में रोचक जानकारी प्रस्तुत की गई। श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों सहित सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण जिला एवं परियोजना स्तर पर 02 से 11 अक्टूबर 2024 तक शक्ति अभिनंदन अभियान की थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज शक्ति अभिनंदन अभियान के तहत शक्ति संवाद कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया।

# दरवाजे पर बल्व न जलाने पर की 6 लोगों ने मारपीट, 4 लोग घायल

दिगौड़ा। कस्बा में आज सुबह मुहल्ले के दो पक्ष के लोगों में दरवाजे का बल्ब नहीं जलाने पर विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित युवक व उसके परिजनों के साथ 6 लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के द्वारा भी मारपीट की घटना की रिपोर्ट की गई है। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि पीड़ित युवक मनोज कुमार पिता श्यामलाल साहू उम्र 21 साल निवासी दिगौड़ा ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट की गई, जिसके अनुसार आज दिनांक 10 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे पीड़ित युवक अपने घर के सामने बैठा हुआ था। इतने में मुहल्ले के रोहित गुप्ता, कमलेश गुप्ता व सतीश गुप्ता आए और बोले कि तुम्हारे पिता ने रात में बाहर का बल्व क्यों नहीं जलाया था। इसी बात पर इन लोगों ने लड़ाई झगड़ा किया व पीड़ित की जमकर मारपीट करने लगे। पीड़ित को बचाने के लिए उसकी मांए बहन व बुजुर्ग दादी घर के बाहर पहुंचे तो मुहल्ले के ही आनंद गुप्ता, राजेश गुप्ता व शिवचरण गुप्ता ने पीड़ित युवक की मां, बहन व दादी की भी मारपीट कर दी। इस घटना में चार लोगों को चोटें आ गई। पुलिस ने इन लोगों का उपचार करा कर पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर कुल छह आरोपियों के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

# तलैया में बुजुर्ग का शव मिलने से फैली सनसनी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहादुरपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है। बुजुर्ग बुधवार को जानवर चराने गया था, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटा। बुधवार रात परिवार के लोग उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद गुरुवार सुबह गांव के पास बनी तलैया में बुजुर्ग का शव मिला है। मोहनगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि बंधा चौकी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में 70 वर्षीय बुजुर्ग की तलैया में डूबने से मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम उसके परिजनों ने चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पूंछतांछ में परिजनों ने बताया कि नाथूराम यादव निवासी कारी अपने बहनोई के घर बहादुरपुर में रहता था। बुधवार सुबह वह जानवर चराने निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। आज सुबह गांव के लोगों ने तलैया में किसी का शव पड़े देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तालाब से शव बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान 70 वर्षीय नाथूराम यादव के तौर पर की गई है। पुलिस ने तालाब से शव बाहर निकालने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद शव पीएम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# गुनौर तहसील मुख्यालय बाईपास रोड़ से लगी सरकारी जमीन पर भारी अवैध कब्जा

## -कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार नें बारह सदस्यीय टीम की गठित
## -सीमांकन के बाद चलेगा प्रशासन का बुलडोजर
## -इसी मामले को लेकर दो लोगो पर कराया गया फर्जी मामला दर्ज





**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में भू-माफियाओं को होसले बुलंद है, भू माफियाओं के अनेक प्रशासनिक अधिकारीयों का संरक्षण भी प्राप्त रहा है तथा कुछ बड़े जन प्रतिनिधियों को भी उक्त भू माफिया खुश किये हुए है, जिसके कारण संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो रही है तथा उक्त भू माफिया के द्वारा अवैध शासकीय सैकड़ो एकड जमीन पर कब्जा कर रखा है तथा आधे से अधिक विक्रय भी कर दी गई है। पुरषोत्तम नाम के भू माफिया का गुनौर में इतना खौफ है कि कोई भी उसकी शिकायत करने तक की हिम्मत नही करता है। जो शिकायत करता है, उसके खिलाफ फर्जी मामला पुलिस थाना में दर्ज करा दिया जाता है। इसी प्रकार का मामला अभी कुछ दिन पूर्व सामने आया था, जिसमें दो लोगो के खिलाफ गुनौर थाना मे विभिन्न धाराओं के तहत मामला फर्जी रूप से दर्ज कराया गया है। क्योकि उक्त लोगो अब्दुल रमजान चौहान तथा मुकेश पाठक द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर संबंधित जमीन मामले को लेकर ज्ञापन दिया गया था तथा शासकीय जमीन पर काबिज अवैध कब्जा धारीयों को हटाने की मांग की गई थी। ज्ञात हो कि नगर परिषद गुनौर के अन्तर्गत बाईपासरोड से लगी हुई शासकीय जमीन जिसका खसरा क्रमांक 1495/1 से 1495/7 है जिसका कुल रकबा लगभग 14 एकड़ के करीब है। इस मामले में गुनौर के प्रतिनिधिमंडल द्वारा वर्ष 2021 में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सोपा गया था जिसमें मुख्यमंत्री कार्यालय से भू माफिया के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने हेतु कलेक्टर पन्ना को निर्देशित किया गया था। लेकिन भूमाफिया के रसूक के चलते उक्त जांच ठंडे बस्ते में चली गई थी। जिसको लेकर कुछ लोगो द्वारा फिर से जांच की मांग की गई थी। तथा कलेक्टर को ज्ञापन देकर इसकी निष्पक्षता से जांच करवाये जाने की मांग की गई थी। उसी आवेदन का परिक्षण कराने के बाद कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार द्वारा तहसीलदार गुनौर को संबंधित मामले को गंभीरता से लेने तथा संपूर्ण जमीन का सीमांकन कराने तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थें। उक्त निर्देश प्राप्त होने के बाद तहसीलदार गुनौर द्वारा संबंधित जमीन का सीमांकन कराने के लिए एक बारह सदस्यीय टीम का गठन किया गया। जिसमें उक्त टीम में राजस्व निरीक्षक सलेहा एल पी रावत, राजस्व निरीक्षक गुनौर सरद भट्ट, पटवारी प्रदीप मोर्य, हरीसिंह शाक्य, गोविन्द प्रसाद शर्मा, अकिंत बागरी, घनश्याम पटेल, बृजेश मिश्रा, मानवेन्द्र कुशवाहा, श्रीमती शिल्पी बाजपेयी, श्रीमती भारतीय चंदेरिया, कोमल सिंह, रीता वर्मा, आदि। उक्त टीम द्वारा सीमांकन कराकर संबंधित रिपोर्ट तहसीलदार को सौपी जायेगी तथा अवैध अतिक्रमण कारीयों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## थाना स्तर पर आयोजित किए जागरुकता कार्यक्रम

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आज शक्ति अभिनंदन अभियान के समापन अवसर पर जिले में पुलिस थाना स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शुक्रवार को पुलिस थाना सिटी कोतवाली पन्ना में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय एवं केस वर्कर शिवानी शर्मा, सत्या थापक सहित थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, ऊर्जा महिला डेस्क प्रभारी प्रज्ञा परौहा, उप निरीक्षक मनोरमा मौर्य ने समस्त महिला डेस्क तथा महिला थाना स्टॉफ के साथ शक्ति महिला सुरक्षा पर संवाद किया। साथ ही पुलिस की सहायता से वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं के हित में बेहतर कार्य के संबंध में चर्चा भी की गई।

## जनभागीदारी से ग्राम विकास योजनाओं पर आधारित निर्माण कार्य प्रारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ग्राम विकास योजना निर्माण' जन योजना अभियान में भागदारी से बननी है। 2 अक्टूबर से यह अभियान चालू होकर मार्च तक ग्राम सभा से लेकर जिला विकास योजना तैयार होकर राज्य नीति आयोग तक ई-ग्राम स्वाराज पोर्टल, जीपीडीपी पोर्टल एवं ग्राम सभा पोर्टल पर अपलोड होने की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अप्रेल से नया वर्ष लागू हो जाता है। ग्राम पंचायत विकास योजना स्थानीय लोगो के द्वारा दिये गये सुझाव के आधार पर तैयार की जायेगी। जिसके कारण ग्राम पंचायत में आम लोगो के लाभ से संबंधित योजनाए तैयार की जाती है। 29 विषय पर आधारित योजना तैयार की जायेगी। जिसमें वकायदा टीम का गठन कर जिला एवं ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यो के बाद कार्य प्रारंभ किये जाते है। प्रशिक्षण में वताया जाता है की प्लान तैयार कर उनका नजरी नक्शा में प्रस्तावित गतिविधियो को दर्ज करे एवं ग्राम सभा में अनुमोदन करे। थीम-गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, महिला हितैषी, जल प्रबंधन गांव, स्वच्छ हरा भरा गांव, बुनियादी ढांचे, सामाजिक रूप से सुरक्षित। समग्र विकास की अवधारणा के साथ 17 लक्ष्य को प्राप्त करने एवं 29 विषय को ध्यान में रखकर पंचायत मित्रो को प्रशिक्षण समर्थन संस्था के पंचायत एवं नियोजन के विशेषज्ञ राजकुमार मिश्रा, ज्ञानेन्द्र तिवारी के द्वारा लगभग एक सैकड़ा से अधिक पंचायत मित्र एवं जलमित्रो को प्रशिक्षण दिया गया।

## पन्ना नेचर कैंप का आयोजन 3 नवम्बर से

पन्ना/पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा इस वर्ष भी पन्ना नेचर कैंप 2024-25 का आयोजन आगामी 3 नवम्बर से 23 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। पन्ना नेशनल पार्क एवं विश्व प्राकृतिक निधि भारत के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित होने वाले नेचर कैंप में बतौर प्रशिक्षक जिले के विशिष्ट पर्यावरणविद भी शामिल होंगे। कैंप की अवधि एक दिवस की निर्धारित है। नेचर कैंप में शामिल हेने के इच्छुकजन पन्ना टाईगर रिजर्व की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अच्छे नागरिक के साथ पर्यावरणविद बनने के लिए यह कैंप लाभदायक है। विद्यार्थियों के लिए 200 रूपए एवं अन्य प्रतिभागियों के लिए 400 रूपए सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है। संपूर्ण जानकारी और पंजीयन पत्र के लिए पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक कार्यालय अथवा दूरभाष क्रमांक 07732-252135 पर भी संपर्क किया जा सकता है। क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने बताया कि प्रत्येक कैंप में प्रत्येक वर्ग के लिए 15 स्थान उपलब्ध हैं। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा। रविवार, 3 नवम्बर को वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के विजेता प्रतिभागियों का नि:शुल्क कैंप आयोजित किया गया है।

# बिना रायल्टी के रेत ले जा रहे दो ट्रक पकड़े

## सुनवानी थाना के किये गये हवाले



**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले में रेत का अवैध कारोबार लगातार चल रहा है, तथा जिले भर में बिना किसी रायल्टी के रेत के वाहन धडल्ले से चल रहे है, अजयगढ़ क्षेत्र से निकलने वाले अधिकांश वाहनों में किसी प्रकार रेत से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं पाये जाते है सिर्फ एक तथा कथित ठेकेदार की पर्ची दिखाई जाती है, यदि वह पर्ची संबंधित वाहन चालको के पास नहीं होती है तो वह पकड़वा दिया जाता है। इसी प्रकार छतरपुर से दो ट्रक सतना की ओर जा रहें थे, जिन्हे तथा कथित ठेकेदार के आदमीयों द्वारा सुनवानी थाना के पास पकड़कर पुलिस थाना सुनवानी के सुपुर्द किया गया। जहां पर दोनो ट्रक रख दिये गये है। आंगे देखना है खनिज विभाग द्वारा संबंधित ट्रक संचालको के उपर क्या कार्यवाही की जा रही है।

## एनएलएम की टीम द्वारा सलेहा ग्राम पंचायत सहित अनेक पंचायतो के कार्यो का किया निरीक्षण

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे ग्राम पंचायतो के माध्यम से हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यो जैसे मनरेगा योजना के तहत तालाब गहरी करण, मरम्मद कार्य, साफ सफाई, आवास निर्माण, विभिन्न प्रकार की पेंशन आदि के संबंध में जांच टीम द्वारा भ्रमण किया जा रहा है तथा लोगो से मिलकर रिपोर्ट तैयार की जायेगी। उक्त टीम में तीन सदस्य शामिल है जो लगातार तीन दिन तक जिले की चिन्हित पंचायतो का भ्रमण कर रहे है। इसी कड़ी में 11 अक्टूबर को उक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत सलेहा का निरीक्षण किया। उनके द्वारा पंचायत के तलाब के गहरी करण सौंदरीकरण पीएम आवास सीसी निर्माण कार्य वृद्धा पेंशन बेवा पेंशन विकलांग पेंशन आजीवका मिशन कचड़ा संग्रहालय आदि को देखा गया। ज्ञात हो कि उक्त टीम द्वारा मनरेगा के कार्यो का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, साथ ही पंचायत में आजीवका मिशन की समूह के सदस्यों को मिल रही केन्द्र सरकार की योजनाओं के विषय में जानकारी ली तथा सभी कार्यो को देखकर रिपोर्ट तैयार की। उक्त संबंध में निरीक्षण करने आई राष्ट्रीय एनएल एम के अधिकारियों ने जानकारी देते बताया की हम पन्ना जिले में चिन्हित पंचायतों का भ्रमण कर रहे है। जिन पंचायतो को चिन्हित किया गया है। उक्त पंचायतों में गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सलेहा, रिझोड़ा, बंधोरा, इसी प्रकार पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिलखुरा तथा जरधोवा, अजयगढ की धरमपुर, कीरतपुर, शाहनगर की मनकोरा, महराजगंज, तथा ऊंचा, ग्राम पंचायत का भ्रमण करेंगें। दिनांक 10 अक्टूबर से उक्त टीम लगातार 15 अक्टूबर तक जिले का भ्रमण करेगी। ज्ञात हो कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं उक्त योजनाओं का लाभ संबंधित ब्यक्तीयों के पास पंहुच रहा है या नहीं तथा सार्वजनिक विकास पंचायत स्तर पर कराये गये है, इसकी भी जानकारी तैयार की गई। गौरतलब है कि ग्राम पंचायतो में शासन की योजनाओं व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। मजदुरी मटेरियल के नाम पर राशि निकाल ली जाती है लेकिन वास्तविक रूप से जमीन पर काम नजर नहीं आता है, आम लोगो तो भी शासन से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहीयों को नहीं मिलता है। लगातार शिकायते करने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है। इस लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार से आने वाले टीम के अधिकारीयों को ग्राम पंचायतो का भ्रमण करने के पश्चात् दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही करना प्रस्तावित किया जाना चाहीए। आंगे देखना है एनएलएम की टीम द्वारा दोषी ग्राम पंचायतो के जिम्मेवारो के खिलाफ क्या कार्यवाही की जाती है।

## दशहरा आज, निर्धारित स्थलों पर ही करें दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन:-कलेक्टर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विजयादशमी दशहरा का पर्व पूरे देश में धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है। पन्ना जिले में भी दशहरा का पर्व धूम धाम के साथ मनाया जायेगा। इसी दिन दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जायेगा। जिसको लेकर कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी जिम्मेवार अधिकारी कर्मचारीयों को निर्देशत करते हुए कहा कि पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार चिन्हित स्थानो पर ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करें। जिससे किसी प्रकार की व्यवस्था न बिगड़ें तथा लोग परेशान न हो। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन को लेकर सुरक्षा से जुडे अधिकारी कर्मचारीयों को सभी प्रकार की तैयारीयों के साथ काम करना होगा। जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में विसर्जन स्थलों पर बेरीकेटिंग, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, रोड, नाव, जीवन रक्षक जैकेट सहित आवश्यक सामग्री के साथ गोताखोर की तैनाती के संबंध में निर्देशित किया गया था।

# दमोह बना ओवरऑल चेंपियन

## संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह -स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली शालेय संभागीय कब्बडी प्रतियोगिता का विधिवत समापन शा. उ. मा. विद्यालय में शुक्रवार को राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य मैं सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों के अंतर्गत अंडर 14 आयु वर्ग बालिका मैं दमोह ने सागर को, बालक वर्ग मैं टीकमगढ़ ने सागर को हराया , अंडर 19 आयु वर्ग में बालक वर्ग मैं दमोह ने सागर को हराया , बालिका वर्ग मैं छतरपुर ने सागर को हराया वहीं दमोह ज़िला ओवर आल चैम्पीयन बना । राज्य मंत्री ने अपने उदबोधन मैं कहा की सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाइयाँ प्रेषित की वहीं उपविजेता खिलाड़ियों को कहा की आप हारे नही है कुछ न कुछ सीख कर जा रहे हैं और कविता के माध्यम से कहा की असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो। जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम, संघर्ष का मैदान छोड़ कर मत भागो तुम। कुछ किये बिना ही जय जय कार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। ज़िला क्रीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा ने बताया की पहली बार किसी ग्राम पंचायत मैं संभाग स्तर का बढ़ा टूर्नामेंट आयोजित हुआ जो 3 दिनों तक आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग से 14, एवं 19 आयु वर्ष की सागर संभाग की दमोह , सागर , पन्ना , छतरपुर , टीकमगढ़ , निवाढी जिलों की टीमों ने सहभागिता की थी ! कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीमों के अलावा बेस्ट प्लेयर के रूप में लीलाधर पटेल , कसिका कुर्मी, जयंती पटेल, को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 250 से अधिक खिलाड़ी और जनरल मैनेजर और कोच मौजूद थे। कार्यक्रम मैं विवेकदत्त शर्मा ज़िला क्रीड़ा अधिकारी , श्रीमती लक्ष्मी सूर्यवंशी , विनोद बाजपेई बी. ई ओ , बारी बाई , विक्रम सर , शोएब पठान , संतोष सर , मान सिंह , नयंसी मेम ,खेत सिंह , अनिकेत राय , प्रीति बर्मन , अमन परवीन दर्शकों व खिलाड़ियों की उपस्थिति रही ! कार्यक्रम का सफल संचालन घनश्याम ठाकुर ने किया व आभार प्रदर्शन विवेक दत्त शर्मा डीएसओ ने किया !




# सुशासन की दिशा में राज्य सरकार का एक बहुत महत्वपूर्ण कदम संपदा दो पोर्टल-कलेक्टर श्री कोचर

## रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन घर बैठे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हो सकेगी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - 11 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है सुशासन की दिशा में राज्य सरकार का एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है संपदा वन पोर्टल जो पहले से संचालित हो रहा था, उसका यह और अपग्रेडेड वर्जन है, अब इसमें एक बड़ी सुविधा दी जा रही है, वह यह है कि अब घर बैठे रजिस्ट्री करना संभव होगा, इसके लिए यदि आधार के साथ ई-के.वाई.सी. हो जाती है, तो गवाहों को और रजिस्ट्री करने वालों को यह सुविधा रहेंगी की उनको पंजीयन कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। उनका अपॉइंटमेंट लेने के बाद रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन घर बैठे वीडियो कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से संपन्न हो सकेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यदि मान लीजिए क्रेता, विक्रेता या गवाह में से कोई, विदेश में भी रहता है, तो भी उनके लिए वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़ कर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में शामिल होना आसान हो जाएगा, यह व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करने का एक बहुत बड़ा कदम है, ताकि जो रजिस्ट्री करने वाले विक्रेता, क्रेता और गवाह उन में से किसी को भी कार्यालय ना आना पड़े और वह घर बैठे यह सुविधा प्राप्त कर सकते है। यह प्रक्रिया लॉन्च हो गयी है।

# स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए पंजीकरण शुल्क माफ किया गया फेरीवाले एफएसएसएआई के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, FoSCoS पर पंजीकरण किया जा सकेगा

दमोह 11 अक्टूबर। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए पंजीकरण शुल्क माफ किया गया हैं। शुल्क माफी फेरीवालों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए जारी की गई थी जो अक्सर छोटे पैमाने पर काम करते हैं। स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए स्नस्स्ड्ढ की शुल्क माफी के बारे में जानकारी जारी की हैं।

***पंजीकरण शुल्क***

स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए पंजीकरण शुल्क 100 रूपये प्रति वर्ष था। पंजीकरण प्रक्रिया अंतर्गत फेरीवाले एफएसएसएआई के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, स्नश्स्ष्टश्स् पर पंजीकरण करा सकते हैं। रिफंड में 28 सितंबर 2024 से पहले प्रस्तुत पंजीकरण आवेदनों के लिए भुगतान किया गया, शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

***फ़ायदे***

इस शुल्क माफी से अधिक संख्या में फेरीवाले एफएसएसएआई के साथ पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित हो सकेंगे जिससे खाद्य सुरक्षा प्रथाओं की बेहतर निगरानी हो सकेगी।

# पशुओं के सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये जिला दण्डाधिकारी श्री कोचर ने संपूर्ण दमोह जिले की सीमांतर्गत आगामी आदेश तक प्रतिबंधात्मक आदेश किया पारित

**-आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 पशुक्रूरता अधिनियम 1960 एवं म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1956 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत की जायेगी कार्यवाही**

**-सड़कों पर मृत मिले गौवंश/मवेशियों की सूचना दूरभाष क्रमांक 07812-350300 आपातकालीन नम्बर 1099 एवं टोल फ्री नंबर 1962 पर दी जा सकेगी**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। राजमार्गो/सड़कों से विस्थापन हेतु 158 ग्रामों को चिन्हित कर निराश्रित गौवंश को गौशाला में भेजने, अधिक गौवंश होने की स्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा बाड़ा बनाकर रखने एवं हांका दल बनाकर गौवंश को सड़क से हटाने की कार्यवाही हेतु शहरी क्षेत्र में नगरपालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत को पंचायतों के माध्यम से व्यवस्था करने हेतु आदेशित किया गया था। उक्त व्यवस्था के बाद भी वर्षाकाल में कुछ पशुपालकों द्वारा गौवंश या अन्य मवेशियों को निराश्रित छोड़ दिया जाता है, जिससे वह सड़क पर विचरण करते है, इस कारण से पशुओं की सड़क दुर्घटना से मृत्यु एवं जनहानि होने की संभावनायें बनी रहती है। ऐसे गौवंश के पशुपालकों के विरूद्ध पशुक्रूरता अधिनियम 1960 एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश 2022 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये जाने, पशुओं के सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने एवं लोक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत संपूर्ण दमोह जिले की सीमांतर्गत आगामी आदेश तक प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है ।

इस आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223, पशुक्रूरता अधिनियम 1960 एवं म.प्र. नगर पालिक अधिनियम 1956 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी जारी आदेश में कहा गया है कि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका/नगर पंचायत म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1991 की धारा 254 एवं 272 में संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पर्याप्त शक्तियाँ प्रदाय की गई है जिसमें कोई भी व्यक्ति/पशुपालक द्वारा अपने गौवंश या अन्य मवेशियों को जानबूझकर अथवा उपेक्षा पूर्वक सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ा जाता है, तो संबंधित व्यक्ति/पशुपालक के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। नगरपालिका/नगर पंचायत द्वारा शहरी क्षेत्र में सड़कों/बाजारों में बैठे आवारा गौवंश को स्वयं के वाहन/हांका दल द्वारा समीप की गौशाला भेजना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही पशुपालक अपने गौवंश/मवेशियों को अपने घर पर बांधकर रखेंगे। उन्होंने कहा राजमार्गो एवं मुख्य सड़क मार्गो पर स्थानीय निकाय द्वारा मुनादी भी कराई जाये, कोई भी पशुपालक बीमार/रोग ग्रस्त/विकलांग गौवंश/मवेशियों को किसी मार्ग/सड़क पर नहीं छोड़ेगा। यदि ऐसा करना आवश्यक हो तो संबंधित निकाय से संपर्क कर गौवंश गौशाला संचालक को सौंपा जाये।

नगर पालिका/नगर पंचायत की मॉनिटरिंगः- शहरी क्षेत्र में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अपने अधिनस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका/नगर परिषद् के माध्यम से गौवंश/मवेशियों को सड़कों पर आवारा विचरण पर प्रतिबंधित करायेंगें एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करावेंगें।

संबंधित क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद् (समस्त जिला दमोह) नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 254 के तहत उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध ऐसा जुर्माना अधिरोपित कर सकेंगें, जो अधिकतम एक हजार रुपये तक का हो सकेगा।

उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र जनपद पंचायत/ग्राम पंचायत मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (स्वच्छता, सफाई और न्यूसेन्स का निवारण तथा उपशमन) नियम 1999 की कण्डिका 31 में संबंधित क्षेत्र की ग्राम पंचायत को पर्याप्त अधिकार प्रदाय किये गये है, कि दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकेंगें। पशुपालक गौवंश/मवेशियों को अपने घर पर बांधकर रखें। राजमार्गों एवं मुख्य सड़कों के आस-पास के गांवों में स्थानीय निकाय द्वारा मुनादी कराई जाये। गौवंश/मवेशियों के सड़कों पर विचरण को रोकने के लिए बाड़ा बनाया जाये एवं हांका दल तैयार कर गौवंश/मवेशियों को सड़कों से हटाया जाये जिसके लिए संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक यह सुनिश्चित करेंगें कि किसी भी स्थिति में सड़क पर गौवंश न रहे अन्यथा कि स्थिति के लिए संबंधितों को उत्तरदायी माना जायेगा। गौवंश/मवेशियों के सड़कों पर विचरण को रोकने के लिए आवश्यकतानुसार स्थानीय निकायों द्वारा वोलेन्टीयर नियुक्त किये जायें। ग्राम पंचायतों की मॉनिटरिंग के लिये ग्रामीण क्षेत्रों के निकायों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अपने अधीनस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों के माध्यम से सरपंच,सचिव,रोजगार सहायक की सतत् समीक्षा कर गौवंश/मवेशियो को सड़कों पर आवारा विचरण करने को प्रतिबंधित करायेंगें।

संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत (समस्त जिला दमोह) म.प्र. ग्राम पंचायत (स्वच्छता, सफाई और न्यूसेन्स का निवारण तथा उपशमन) नियम 1999 की कण्डिका 31 (क)(ख) के तहत उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध प्रथम अपराध के लिये दो सौ पचास रूपये के जुर्माने से तथा किसी पश्चात्वर्ती अपराध के लिये पांच रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करेंगें। मध्यप्रदेश रोड डेव्हलमेंट कॉर्पोरेशन कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स), प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना आदि द्वारा निर्मित सड़कों पर घुमन्तु गौवंश/मवेशियों के विचरण पर प्रतिबंध लगाने/रोकने हेतु पूर्ण उत्तरदायित्व सड़क निर्माण विभाग का होगा। संबंधित सड़क निर्माण विभाग सतत् पेट्रोलिंग की कार्यवाही करते हुये गौवंशों/मवेशियों को सड़क पर आने से रोकने की कार्यवाही करेंगें। सड़क दुर्घटना में मृत पशुओं के तत्काल निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें, साथ ही घायल पशुओं के इलाज हेतु उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग दमोह से सम्पर्क कर तत्काल चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगें। पशुपालन एवं डेयरी विभाग मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत संचालित गौशालायें एवं अशासकीय/स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं में शहरी क्षेत्र/ग्राम पंचायतों /स्वयंसेवी संगठनों/एम.पी.आर.डी.सी. द्वारा भेजे गये निराश्रित/घायल/ बीमार गौवंश को गौशाला प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया जायेगा एवं उसकी प्रवष्टि गौवंश पहचान पंजी में दर्ज की जावेगी। गौशाला में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा प्राप्त गौवंश में टेंगिंग, स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यकतानुसार उपचार करेंगें। गौशाला प्रबंधक गौशाला में मृत गौवंश का निस्तारण नियमानुसार गौसमाधि देकर करेंगें। उपरोक्त दायित्व नोडल अधिकारी गौशाला का होगा।

कोई भी व्यक्ति सड़कों पर मृत अवस्था में मिले गौवंश/मवेशियों की सूचना जिला कन्ट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07812-350300 मध्यप्रदेश रोड डेव्हलमेंट कॉर्पोरेशन के आपातकालीन नम्बर 1099 एवं घायल गौवंश/मवेशियों के उपचार हेतु सूचना चलित पशु चिकित्सा ईकाई के टोल फ्री नम्बर 1962 पर दे सकते है। यह आदेश सर्व साधारण से संबंधित है एवं परिस्थितियाँ ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्वसाधारण को सूचना तामील नहीं की जा सकती और न ही सर्व साधारण से आपत्तियाँ प्राप्त की जा सकती है। अतः यह आदेश भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया जाता है। एक पक्षीय से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत इस आदेश के विरूद्ध अपना पक्ष/आपत्ति या आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। आदेश के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 153 (2) के अंतर्गत निर्देशित किया जाता है कि आदेश की सूचना समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से जनसामान्य को अवगत करावे। जिला दण्डाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा समस्त तहसीलदार कार्यालय/थाना प्रभारी कार्यालय/ग्रामीण/शहरी निकायों के सक्षम अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्यजन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करें।

# राधा ऑर्चिट यौन शौषण मामले की हो निष्पक्ष जांच, दोषी के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही- महापौर विनोद अग्रवाल

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जनपद की पॉश कॉलोनी राधा ऑर्चिट में बीती रात एक यौन शौषण का मामला सामने आया जिसमें राधा ऑर्चिट की महिलाओं ने नाबालिक बच्चियों के साथ यौन शौषण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ काफी आक्रोश व्यक्त किया तथा मथुरा वृंदावन नगर निगम महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



इस संबंध मै महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा अवगत कराया गया कि मथुरा वृंदावन नगर निगम मै अभी एक अधिकारी स्थांतरित होकर मथुरा आया जिसको मथुरा में रहने के लिए मकान की समस्या थी तो उसको जबतक मकान नही मिल जाता तव तक अपने बंद पड़े मकान मै रहने को दिया गया, कुछ महिलाओं द्वारा आकार अवगत कराया गया कि आपके फ्लेट में रह रहे व्यक्ति द्वारा नाबालिक बच्चियों के साथ पार्क मै छेड़ छाड़ की गई जिस पर महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा कहा गया कि आप जो घटना अवगत करा रही है बहुत ही निंदनीय है आप बच्चियों के परिवार वालों से घटना की सूचना पुलिस टोल फ्री नम्बर 112 पर दर्ज करा दीजिए महापौर का यह शब्द महिलाओं को खराब लगा जिस पर महिला समूह द्वारा महापौर से आपत्ति जताई और इस वात को तूल देते हुए महापौर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

महापौर विनोद अग्रवाल का कहना भी अपनी जगह सही है अगर घटना घटित हुई है तो इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल पीड़ित के परिवार को देनी चाहिए जिसके लिए शासन द्वारा डायल 112 की सुविधा दे रखी है जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा तत्काल लखनऊ से कार्यवाही निर्धारित की जाती है इलाका पुलिस को सूचना देने से कार्यवाही मैं कुछ विलंब हो सकता है पर पुलिस टोल फ्री नम्बर पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लिया जाता है।

महिलाओं द्वारा जिस प्रकार इस मामले मै महापौर को घसीटा गया वो प्रारंभिक तौर पर किसी प्रायोजित षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होती दिखाई दे रही है महापौर द्वारा इस मामले मै कहा गया घटना बहुत निंदनीय है जिसका सभ्य समाज मै कोई भी व्यक्ति बचाव नही कर सकता जिस स्थान की घटना बताई जा रही है वहा सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है पुलिस जॉच करेगी दोषी कोई भी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए भाजपा शासन काल मै प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का साफ संकेत है प्रदेश मै महिलाओं और बच्चियों पर होने वाले यौन शौषण के मामले मै किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति हो कानून कढ़ाई से अपना काम करेगा, फिर भी कुछ लोगों द्वारा किस षड्यंत्र के तहत महापौर के पद की गरिमा को तार तार करने की कोशिश की बह विचारणीय प्रश्न है।

महिलाओं द्वारा इस मामले मै काफी आक्रोश व्यक्त किया महिला समूह ने पुलिस प्रशासन को भी नही बक्शा जैसा कुछ वीडियो फुटेज मै देखा गया कि महिलाओं ने गोविंद नगर थाना प्रभारी को भी नही बक्शा महिला समूह द्वारा इस मामले मै अपराधी की धुनाई तक करने की बात की गई जिस पर पुलिस कर्मियों द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया कि इस अपराध को करने की सजा कानून देगा हम इसे गिरफ्तार कर थाने ले जा रहे है फिर भी महिला समूह पुलिस कर्मी की बात सुनने को तैयार नही दिखी पुलिस टीम द्वारा बढ़ी मुश्किल मै अभियुक्त व्यक्ति को थाने ले जाने मै सफलता मिली राधा ऑर्चिट के अध्यक्ष द्वारा थाने मै लिखित तहरीर दी जिस पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

# शरद पूर्णिमा के दिन बांके बिहारी के होंगे अद्भुत दर्शन, वृंदावन के मंदिरों मै उमड़ेगी भारी भीड़




*परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा आगामी बुधवार को शरद पूर्णिमा है. इस अवसर पर श्रीबांके बिहारी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है, इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने तैयारी कर ली है, दरअसल शरद पूर्णिमा के दिन श्रीबांके बिहारी के दर्शन करने का अपना एक विशेष महत्व है, चूंकि यह त्योहारी समय है और यूपी में तीन दिन का अवकाश है तो आने वाले दिनों में भक्तों का वृंदावन में तांता लगने वाला है।*

शरद पूर्णिमा के दिन श्रीबांके बिहारी जी का विशेष श्रृंगार किया जाता है. इस दिन भगवान भक्तों को मुरली बजाते दर्शन देते हैं. इस बार भी मंदिर प्रबंधन की ओर से विशेष झांकी की व्यवस्था है,वृंदावन में तो अभी से भक्तों का आना शुरू भी हो गया है. चूंकि बड़ी संख्या में भक्त पहुंचेंगे इसलिए भक्तों को अधिक कष्ट न हो और दर्शन भी हो जाएं यह इंतजाम किया गया है. भक्तों की भावना को देखते हुए मंदिर में भगवान के दर्शन सुबह और शाम एक घंटे अतिरिक्त कराए जाएंगे. जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग भगवान के दर्शन कर सकें।

पूर्णिमा के अवसर पर ठा. राधासनेह बिहारी मंदिर ,राधादामोदर, राधारमण, राधाश्यामसुंदर, गोविंद देव, गोपीनाथ और मदनमोहन में भी भगवान कृष्ण के श्वेत वस्त्र पहने दर्शन होंगे, शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रसाद वितरण की बात की जाए तो भगवान को चंद्रकला और खीर का भोग लगाया जाएगा और तत्पश्चात भक्तों में इसका वितरण होगा।

श्रीबांके बिहारी मंदिर में भगवान को जो वस्त्र पहनाए जाएंगे वे सफेद रंग की जरी की कढ़ाई से तैयार किए गए हैं. विशेष रूप से कोलकाता के कारीगरों ने इन्हें बनाया है, शरद पूर्णिमा पर बांके बिहारी मंदिर की समय सारिणी की बात की जाए तो दोपहर 1 बजे मंदिर के पट बंद होंगे और रात को साढ़े 10 बजे शयन आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद किए जाएंगे। पुलिस ने भी कानून व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं, प्रशासन का कहना है कि भक्तों को एक तरफ से एंट्री कराई जाएगी और दूसरी तरफ से निकाला जाएगा।

# आज होगा 51 फीट के रावण दहन का आयोजन

## जिला मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में भी दिख रहा भारी उत्साह

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व पर पहली बार एक विशाल लगभग 51 फीट के रावण के दहन का आयोजन समर्पण सामाजिक संस्था के द्वारा किया जा रहा है जिसको लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। समर्पण संस्था के संरक्षक डॉ रोहिन राय अध्यक्ष ऋषि गुप्ता एवं सचिव डॉ प्रांशुल खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में आज दशहरा के पर्व पर पहली बार रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है और 51 फीट के रावण का निर्माण दिल्ली के कलाकारों के द्वारा लगभग पूर्ण कर दिया गया है जिसको आज दिनांक 12 अक्टूबर को तीन हिस्सों में बड़ी फील्ड पर लाया जाएगा और विशेष इंतजाम के साथ रावण को खड़ा किया जाएगा तथा रात्रि लगभग 7:00 बजे रावण दहन के आयोजन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें आतिशबाजी और रावण दहन की अनोखी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। रावण दहन के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और सागर संभाग के प्रभारी मुकेश सिंह चतुर्वेदी अध्यक्षता के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची एवं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के जिला प्रभारी वीरेंद्र राणा विधायक अनिल जैन पूर्व विधायक शीशुपाल यादव एवं गरिमामई उपस्थित के लिए नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार उपस्थित रहेंगे। रावण दहन के आयोजन के लिए समर्पण संस्था द्वारा सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं तथा दर्शकों के बैठने की भी उचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 स्टेडियम ग्राउंड पर शाम 7:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। समर्पण संस्था की टीम के द्वारा समस्त जिले वासियों को रावण दहन की अद्भुत प्रक्रिया का साक्षी बनने के लिए परिवार के साथ आमंत्रित किया गया है।

# अर्चना कंपलेक्स का विधायक अनिल जैन ने कन्या पूजन कर किया शुभारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगर में वार्ड नंबर 9 टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित नवनिर्मित अर्चना कंपलेक्स का आज विधायक अनिल जैन ने कन्या पूजन एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। परिसर का उद्घाटन करने के पूर्व हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ तत्पश्चात कन्या पूजन एवं फीता काटकर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया। गौरतलब है कि टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित अर्चना कांप्लेक्स में लगभग दो दर्जन सर्व सुविधा युक्त दुकानों का निर्माण किया गया है। परिसर के शुभारंभ अवसर पर अश्विनी नायक, गोलू नायक के द्वारा विधायक अनिल जैन सहित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया और इस अवसर पर विधायक अनिल जैन के द्वारा परिसर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# हार्दिक नीखरा का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हो रहे खेलों में अंडर 14 बालक वर्ग की संभाग स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता पन्ना में आयोजित की गई थी जिसमें निवाड़ी जिले की टीम की ओर से अच्छा प्रदर्शन करने पर हार्दिक नीखरा का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है। गौरतलब है कि दिनांक 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक संभाग स्तर अंडर 14 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पन्ना जिला मुख्यालय पर किया गया था जिसमें सागर संभाग के 6 जिलों की टीमों के साथ निवाड़ी जिले की टीम ने सहभागिता की थी जिसमें पहले ही मैच में हार्दिक नीखरा के द्वारा 21 बॉल खेलते हुए 29 रन बनाए गए तथा दूसरे मैच में भी संतोषजनक प्रदर्शन करने पर हार्दिक नीखरा का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। संभाग स्तर पर आयोजित हुई अंडर 14 बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संभाग की टीम बनाई गई है जिसमें पन्ना जिले के तीन खिलाड़ी सागर जिले के 6 खिलाड़ी छतरपुर जिले के पांच खिलाड़ी दमोह जिले से एक और निवाड़ी जिले से भी एक खिलाड़ी हार्दिक नीखरा का चयन किया गया है। हार्दिक नीखरा का चयन राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए होने पर नगर के अनेक खिलाड़ियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



# ब्राह्माकुमारीज किशोर सागर प्रांगण में सजाई गई दो दिवसीय चैतन्य झांकी



छतरपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्राह्माकुमारीज़ किशोर सागर प्रांगण में दो दिवसीय चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने मातृशक्ति की महिमा करते हुए कहा कि भगवान ने वंदे मातरम का नारा दिया। भगवान ने भी मातृशक्ति को आगे रखा और मातृ शक्ति ने आगे आकर इस समाज को संबल दिया, सहारा दिया है। यह वह समय नहीं है जो हम कहानियों में सुनते हैं की रक्तबीज था और उसकी जितनी रक्त की बूंदे गिरती थी उतने असुर पैदा हो जाते थे लेकिन आज हम देखें की कितने रक्त बीज पैदा हो चुके हैं जो नारी के प्रति कुदृष्टि रखते हैं, समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। काम क्रोध आदि विकारों का बीज सभी के अंदर उत्पन्न हो चुका है। अब समय है कि परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन हमें अपनी मानसिक स्थिति को अच्छा रखकर पवित्रता के बल से इन विकारों के बीज को समाप्त करना है। तभी यह दुनिया दैवीय दुनिया बन सकेगी। इस कार्यक्रम में बीएस ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय संचालक अतुल श्रीवास्तव एवं शिक्षक गणों के मार्गदर्शन में अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा कु रिया,सिया और गहोई समाज की सभी महिलाओं ने मिलकर डांडिया किया।

इस आयोजन में सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, बाल संप्रेषण गृह अधीक्षक सरोज छारी, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, मेघा सिंह, डॉ मुकेश प्रजापति, डॉ आरती तिवारी, समाजसेवी प्रदीप सेन, शंकरलाल सोनी सहित अन्य भक्तगण दर्शनों का लाभ लेने पहुंचे और सभी ने दिल खोलकर माता रानी के दरबार में डांडिया,गरबा किया।

# आबकारी विभाग ने पकड़े दो शराब के तस्कर

छतरपुर। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान पूरे मप्र में चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार की सुबह सूचना मिलने पर एक व्यक्ति से अवैध शराब जब्त की गई साथ ही उक्त व्यक्ति की सूचना पर एक और अवैध शराब विक्रय करने वाले आरोपी को पकड़ा गया है।



आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक जीतेन्द्र शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर से आबकारी विभाग ने पूरे जिले में अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 2 अक्टूबर को ढाबों पर जांच की गई थी जिसमें 9 प्रकरण दर्ज किए गए थे। इसी तरह 6 अक्टूबर को गढ़ा संदना ग्राम में 40 लीटर अवैध शराब जब्त की गई थी। वहीं आज सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर विक्रय करने आ रहा है। सूचना मिलने पर उक्त व्यक्ति को सुबह करीब 7 बजे फोरलेन से दबोच लिया गया। आरोपी अखिलेश राय के पास से 5 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त की गई है। आरोपी अखिलेश राय ने बताया कि वह उक्त शराब नारायणपुरा मोहल्ले में रहने वाले दीपक पाटकर के पास लेकर जा रहा था। विभाग ने नारायणपुरा मोहल्ला पहुंचकर दीपक पाटकर के घर पर दबिश दी और उसके घर से भी 5 लीटर अवैध शराब जब्त की है। आबकारी विभाग ने दो आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। श्री शर्मा ने बताया कि दशहरा पर्व पर ढाबों पर विशेष तौर पर नजर रखी जाएगी। शराब बेचने एवं पिलाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

# जिंदा महिला को घोषित किया मृत

## पीड़िता ने मांगा मृत्यु प्रमाण पत्र वरना चालू करें विधवा पेंशन एवं राशन

छतरपुर/बक्सवाहा। शुक्रवार को 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने नगर परिषद में आवेदन देकर खुद का मृत्यु प्रमाण पत्र मांगा, बुजुर्ग महिला की बीते अप्रैल के महीने से विधवा पेंशन के साथ अति गरीबी का राशन मिलना बंद हो गया था जिसे चालू करवाने बुजुर्ग ने आवेदन दिया साथ में अपनी मृत्यु का प्रमाण पत्र भी मांगा है।




नगर परिषद में दिए आवेदन में बुजुर्ग कुसुम सोनी ने बताया कि उसे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के तहत 600 रुपए पेंशन और दीन दयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत अतिगरीबी का राशन मिलता था लेकिन बीते फरवरी के महीने से न तो उनके खाते में पेंशन मिली है न पिछले 6 माह से राशन मिला है जब उन्होंने कंप्यूटर में चेक करवाया तो उन्हें मृत बताया है जब वे राशन लेने राशन दुकान पहुंची तो राशन दुकानदार ने बताया कि आपका परमिट मशीन में नहीं दिख रहा अत: कार्यालय से संपर्क करो। अपनी समस्या को लेकर वे पिछले 6 माह से परेशान है इसलिए आज उन्होंने नगर परिषद कार्यालय में जाकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम आवेदन दिया जिसमे मांग की है कि यदि उन्हें मृत घोषित किया गया है तो मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाए अन्यथा बंद की गई पेंशन व राशन बीते माह समेत दिलाई जाए।

वहीं सीएमओ रामसेवक पटेल से इस बारे में बात की गई तो पहले वे बचते नजर आए उसके बाद उन्होंने कहा कि मैंने रिकार्ड में सुधार करवा दिया है अब उन्हें पेंशन का लाभ मिलेगा।

***इनका कहना-***

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है मैं नगर परिषद से जानकारी लेता हूं और उनकी राशन और पेंशन संबंधी समस्या का जल्द निराकरण करवाते हैं। ***भरत पांडे, तहसीलदार बक्सवाहा***

# बीएड कालेज के लिपिक ने नवमी तिथि को छतरपुर से नौगांव तक की पदयात्रा कर माँ के पैर छूकर तोड़ा व्रत

छतरपुर। यह कहना गलत नहीं होगा कि शासकीय बीएड कॉलेज छतरपुर में पदस्थ लिपिक विपिन दीक्षित अलग विचारधारा के व्यक्ति है जिसकी झलक नवदुर्गा की नवमी तिथि को देखने को मिली है। जहां लोग अपनी मनोकामनाओं को पूरा करने पैदल यात्रा करके विभिन्न देवी देवताओं के मंदिरों में जाते है, वहीं विपिन दीक्षित ने एक नया उदाहरण समाज में स्थापित किया है।



विपिन दीक्षित ने नवदुर्गा पर्व में व्रत का पालन कर, नवमी तिथि को अपने छतरपुर के निवास से अपनी माताजी के नौगांव निवास के लिए पैदल यात्रा कर उनके चरण छूकर अपने व्रत को तोड़ा। विपिन दीक्षित भले ही लिपिक के पद पर आसीन हो लेकिन उनकी वृहद सोच समाज के लिए प्रेरणाश्रोत है। विपिन दीक्षित गणेश जी की कहानी बताकर कहते है कि दुनिया के सभी देवी देवता सबके माता पिता में बसते है। अपनी माता पार्वती और पिता शंकर जी की परिक्रमा करके जहां गणेश जी को पूरे संसार की परिक्रमा का फल मिला, तो मुझे मां दुर्गा की भक्ति का फल अपनी मां के प्रति समर्पित होने से कैसे नही मिलेगा। ईश्वर के प्रति भक्ति का भाव होना भी आवश्यक है लेकिन उसी ईश्वर ने माता पिता को अपना रूप कहा है, समाज को विश्लेषण करना चाहिए कि वह वास्तव में अपने माता पिता के लिए ईश्वर की तरह समर्पित है या नहीं। मां दुर्गा ऐसे बालको को शक्ति और बुद्धि दे जो अपने माता पिता के लिए समर्पित भाव रखते है।

# कलेक्टर ने तहसीलदारों के प्रभार बदले

## रंजना यादव की जगह संदीप तिवारी बने छतरपुर तहसीलदार

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तहसीलदारों के प्रभार में फेरबदल किया है। इसी के छतरपुर में पदस्थ तहसीलदार रंजना यादव को नौगांव तहसीलदार बनाया गया है। वहीं नौगांव में पदस्थ तहसीलदार संदीप तिवारी को छतरपुर तहसील का प्रभार सौंपा है।



शुक्रवार को छतरपुर तहसील का पद्भार संभालते ही तहसीलदार संदीप तिवारी ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। श्री तिवारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लोगों को मिले यही उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा के लंबित पड़े प्रकरणों को जल्द ही निपटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी त्यौहारों का सीजन है इसलिए दशहरा, दीपावली सहित अन्य त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321